# <u>प्रेस नोट दिनाँक-09.08.2022</u>

**(1).** श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के मार्गदर्शन में अवैध शराब निर्माण एवं विक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी सीतापुर श्री प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त छोटू पुत्र गयाप्रसाद निवासी मनोहरगंज थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 28 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब मस्तीहू ब्रांड के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी मे धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**<u>बरामदगीः-</u>**

28 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब

**<u>बरामदगी/ गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1. उ0नि0 श्री प्रवीण कुमार सिंह थाना कर्वी
2. आरक्षी शिवम गुप्ता

**(2). श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 04 वाराण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।**

**(i).** थानाध्यक्ष सरधुवा श्री प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 707/2021 धारा 707/2021 धारा 147/148/323/504/506/308 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त नितेश उर्फ गोलू पुत्र रामप्रकाश (2) शिवचरन पुत्र मंगलराम निवासीगण बीरधुमाई सुर्की थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(ii).** उ0नि0 श्री विजय बहादुर थाना मऊ तथा उनके हमराही आरक्षी अदनान द्वारा प्रकरण वाद संख्या 165/2022 धारा 125 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त मोनू उर्फ दुर्गेश पुत्र लल्लू सिंह निवासी खण्डेहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(iii).** उ0नि0 श्री शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय थाना कोतवाली कर्वी तथा उनके हमराही आरक्षी रंजीत यादव द्वारा मु0अ0सं0 474/2019 धारा 379/411 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र रामकिन्नर निवासी चकौंध थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(3).** आज दिनांक 09.08.2022 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के कुशल निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान "मिशन शक्ति" के तहत जनपद के

विभिन्न थानों की एण्टी रोमियो टीमों ने विभिन्न मन्दिरों, बाजार, स्कूलों, बस स्टैण्ड, ग्रामों इत्यादि स्थानों पर  भ्रमण कर चेकिंग की गयी एवं छात्राओं/महिलाओं को उनके सुरक्षार्थ व सहायता हेतु शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसेः- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइऩ, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हे जागरूक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को।जागरूकता पम्पलेट्स वितरित किये गए एवं सार्वजनिक स्थानों एवं चस्पा किये गए।

**(4).** दिनाँक-08.08.2022 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

**(5).** श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में प्रभारी महिला चौकी मऊ उ0नि0 श्रीमती रामकुमारी तथा उनकी टीम द्वारा परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

उल्लेखनीय है कि श्री शकुंतला देवी पत्नी रामचन्द्र निवासी अर्जुनपुर मजरा खंडेहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट द्वारा महिला चौकी मऊ में प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनके ससुराल पक्ष के लोग लड़ाई झगड़ा, मारपीट व प्रताड़ित करते है। महिला चौकी प्रभारी एवं टीम द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर ससुराल पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें महिला चौकी बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। ससुराल पक्ष द्वारा भविष्य में श्रीमती शकुंतला देवी से लड़ाई झगड़ा न करने तथा अपने-अपने पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। इस प्रकार दोनों पक्षों में आपसी सुलह होने पर महिला चौकी प्रभारी द्वारा दोनो पक्षों को साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं पारिवारिक कर्तव्यों के सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

**समझौता करवाने वाली टीमः-**

1.महिला चौकी प्रभारी मऊ उ0नि0 श्रीमती रामकुमारी

2. महिला आरक्षी शिवानी राय

3. आरक्षी सूरज पाल

**(6).** श्रीमान पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अतुल शर्मा के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रीमती सविता श्रीवास्तव तथा उनकी टीम द्वारा पति-पत्नी के आपसी मतभेद एवं विवादों को समाप्त कराते हुये दम्पत्ति जोडे में सुलह कराते हुये शादी के अटूट बंधन को टूटने से बचाया।

उल्लेखनीय है कि आवेदिका श्रीमती सीता देवी पत्नी श्री अमित कुमार निवासी एसडीएम कॉलोनी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा महिला थाना में अपने पति श्री अमित कुमार के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनके पति शराब पीकर उनके साथ गाली गलौज व लड़ाई झगड़ा करते हैं। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा पीडित की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर उनके पति से सम्पर्क करके उन्हें महिला थाना बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझा बुझाकर उनके मतभेदों को दूर कराते हुए आपस में मिलाया। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना द्वारा पति-पत्नी के आपसी झगड़े को समाप्त कराकर दम्पति जोडे में सुलह कराते हुये शादी के अटूट बन्धन को टूटने से बचाया। पुलिस टीम द्वारा दोनों को साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं पति-पत्नी के कर्तव्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी तथा यह भी कहा गया कि आपस में तारतम्यता बनाकर कर रहें।

**पुलिस टीम का विवरणः-**

1. प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रीमती सविता श्रीवास्तव
2. आरक्षी अरविन्द कुमार यादव महिला थाना
3. आरक्षी नीतू द्विवेदी महिला थाना
4. महिला आरक्षी रीता सिंह